तापमान
अधिकतम 29.4 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 19 जुलाई 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया


उधमपुर - दुर्ग एक्सप्रेस रास्ते में खड़ी हो गई। जिसके चलते यात्रियों ने जमकर हंगामा मचाया।

## जलभराव, बिजली संकट, पेयजल आपूर्ति में बाधा, कीचड़, क्षतिग्रस्त सड़कें और यातायात अव्यवस्था एक साथ सामने आई

# पानी निकालने में बीता पूरा दिन, हर तरफ कचरा और गंदगी


पावर हाउस चौक में सड़क पर गड्ढा।


मगरपारा से सत्यम चौक तरफ आने वाली सड़क बारिश के चलते धसक गई और सड़क को बंद करना पड़ा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दो दिनों से हो रही भारी बारिश के बाद शहर के कई इलाकों में जलभराव, बिजली संकट, पेयजल आपूर्ति में बाधा, कीचड़, क्षतिग्रस्त सड़कें और यातायात अव्यवस्था एक साथ सामने आई। कई कॉलोनियों में लोग देर रात तक घरों और दुकानों से पानी निकालते रहे, जबकि दूसरी ओर बिजली बहाल होने का इंतजार करते रहे।

निगम और प्रशासन मिलकर दिन भर पानी निकासी की मशक्कत करता रहा। संयुक्त टीमों ने चौबे कॉलोनी, बंधवापारा, खमतराई, बहतराई, सिरगिट्टी, जोरापारा, विजयापुरम, मंगला, सकरी, व्यापार विहार, कुदुदंड, तोरवा, तारबाहर, तिफरा और नेहरू नगर समेत कई इलाकों में जेसीबी, जेट सक्शन और पंपिंग मशीनों से जल निकासी कराई।

बारिश थमने के बाद भी लोगों की परेशानी कम नहीं हुई। घरों से पानी निकालने, खराब हुए सामान को संभालने और कीचड़ साफ करने में शनिवार को पूरा दिन निकल गया। अधिकांश इलाका जलमग्न होने के कारण बिजली बंद कर दी गई। ताकि, करंट न फैले। यह स्थिति पूरे दिन और रात तक बनी रही। बिजली नहीं होने के कारण पीने के पानी का सप्लाई बाधित रही।

### घरों में 8 फिट तक पानी

निचली इलाके और रिहायशी कॉलोनियों में पानी घुस गया। इसके चलते हर तरफ 6 से 8 फीट तक पानी भर गया था। लोगों ने पूरे दिन ग्राउंड फ्लोर की जगह पहली मंजिल पर दिन बिताई। बारिश का सबसे ज्यादा असर अरपापार, रायपुर रोड, सकरी और शहर की बाहरी कॉलोनियों में देखने को मिला। शिवम होम्स, चौबे कॉलोनी, बंधवापारा सहित कई कॉलोनियों के घरों में बारिश का पानी कम नहीं हुआ। जिन इलाकों में पिछले 20-25 साल में कभी पानी नहीं भरा, वहां भी इस बार बारिश का पानी घरों में घुस गया। देवनंदन नगर फेस-1 व 2, गीतांजलि सिटी फेस-1 व 2, फ्रेंड्स कॉलोनी, गुरु विहार, वसंत विहार, सरोज विहार, जोरापारा और जबड़ापारा सहित कई कॉलोनियों में पानी घरों के भीतर तक पहुंच गया।

### पार्षद और साथियों के खिलाफ शिकायत

लिंगियाडीह क्षेत्र के लोयोला रोड स्थित जीटी ईडेन कोर्ट रेसिडेंशियल सहकारी समिति मर्यादित ने स्थानीय पार्षद जय वाधवानी और उनके साथ आए 4-5 अज्ञात व्यक्तियों पर जल निकासी के नाम पर बिना अनुमति सोसायटी की बाउंड्री वॉल तोड़ने का गंभीर आरोप लगाया है। मामले को लेकर समिति ने नगर निगम आयुक्त, पुलिस अधीक्षक बिलासपुर, जोन कमिश्नर तथा थाना प्रभारी सरकंडा को लिखित शिकायत सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

### दूसरे दिन यह रहे हालात



- सिटी कोतवाली स्थित 24 करोड़ में बनी मल्टीलेबल पार्किंग का बेसमेंट पूरी तरह डूब गया। यहां रखीं गाड़ियां पानी में तैरने लगी। करेंट की आशंका से पूरे परिसर की बिजली बंद कर दी गई और पानी निकासी के लिए मशक्कत दिन भर जारी रहा।
- वार्ड क्रमांक 64 के महामाया नगर,आशाबंद बिरकोना क्षेत्र में भारी वर्षा के कारण ऐसा जलभराव हुआ कि इंडियन ग्रामीण वितरक गैस एजेंसी पूरी तरह पानी से घिर गई। एजेंसी परिसर में रखे एलपीजी गैस सिलेंडर पानी में तैरते हुए दिखाई दिए।

### 24 घंटे का अलर्ट, शाम के बाद झमाझम बारिश

शुक्रवार की रात 11 बजे के बाद लोगों के मोबाइल फोन घनघनाने लगे। फोन पर 24 घंटे के भीतर अतिवृष्टि का मैसेज मिला, इसके बाद लोग सकते में आ गए और दिन भर बारिश का इंतजार करते रहे। इस दौरान सुबह और दोपहर में हल्की बारिश देखी गई, लेकिन शाम 5 बजे के बाद झमाझम बारिश ने सराबोर कर दिया।

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में निम्न दबाव का क्षेत्र सक्रिय है, प्रदेश के ज्यादातर हिस्से में बारिश हो रही है। इस दौरान 30 से 60 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलने के साथ ही मानसून द्रोणिका अमृतसर, करनाल, रांची से बंगाल की खाड़ी की तरह बढ़ रही है। यह समुद्र तल से 0.9 किमी की ऊंचाई पर फैली हुई है। वही उड़ीसा और इसके आसपास के क्षेत्रों में 5.8 किमी की ऊंचाई पर चक्रवाती हवा का असर देखा जा रहा है।

### प्रशासन हाई अलर्ट पर

# स्कूल बंद, छुट्टियां रद्द मुख्यालय छोड़ने पर रोक

मौसम विज्ञान विभाग द्वारा आगामी 48 से 72 घंटों में बिलासपुर जिले में आकाशीय बिजली एवं गरज-चमक के साथ भारी वर्षा की चेतावनी को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय अग्रवाल ने, आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 30 एवं 34 जिले में लागू कर दिया है। इसके तहत व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने सभी विभागों को अलर्ट मोड पर रहते हुए जनजीवन की सुरक्षा और संभावित आपदा से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत जलभराव वाले स्कूल बंद कर दिए गए हैं तो सभी सरकारी अधिकारी, कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गईं हैं। इसके साथ ही मुख्यालय छोड़ने पर रोक भी लगा दी गई।

जारी आदेश के अनुसार जिले के सभी शासकीय, अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त निजी विद्यालयों (कक्षा 1 से 12वीं तक) तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों में 18 जुलाई को नियमित शैक्षणिक गतिविधियां स्थगित रहीं। हालांकि संस्था प्रमुख, शिक्षक एवं प्रशासनिक कर्मचारी विद्यालय में उपस्थित रहे। विद्यालय भवनों की सुरक्षा एवं अभिलेखों को सुरक्षित रखने के साथ आवश्यकता पड़ने पर मजबूत भवनों को अस्थायी राहत आश्रय केन्द्र के रूप में उपयोग के लिए तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं।

- बिलासपुर में धारा 30 एवं 34 तत्काल प्रभाव से लागू



### नदियों, बांधों और जलभराव वाले क्षेत्रों में नहीं जाने की अपील

विद्युत विभाग को निर्बाध विद्युत व्यवस्था बनाए रखने तथा मौसम जनित दुर्घटनाओं से निपटने के लिए रैपिड रिस्पांस टीम तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने लोगों से भी अपील की है कि वे घरों के भीतर रहें। आकाशीय बिजली के दौरान कमजोर संरचनाओं एवं पेड़ों के नीचे आश्रय न लें तथा नदियों, बांधों और जलभराव वाले क्षेत्रों के पास जाने से बचें।

### नदी तटों और निचले इलाकों में अलर्ट

कलेक्टर ने जिले एवं सभी ब्लॉक स्तर पर नियंत्रण कक्षों को तत्काल सक्रिय करने तथा विभागीय निर्देशों का त्वरित पालन सुनिश्चित करने कहा है। नदी तटों और निचले इलाकों में ग्राम कोटवारों के माध्यम से सार्वजनिक अलर्ट जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

### रैपिड रिस्पांस टीमें 24 घंटे तैयार

जारी आदेश में पुलिस एवं यातायात पुलिस को सभी रपटों और कॉजवे पर पक्के बैरिकेड्स लगाने तथा जलमग्न सड़कों एवं पुलों पर वाहनों और पैदल यात्रियों के आवागमन पर जीरो क्रॉसिंग नीति का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# अलर्ट के बाद जागा स्वास्थ्य विभाग मौके पर पहुंचे स्वास्थ्य कर्मी

**बिलासपुर**। भारी बारिश के बाद कई क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति निर्मित हो चुकी है, जनजीवन प्रभावित होने पर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। मौसमी एवं संक्रामक बीमारियों की संभावित स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है।

सीएमएचओ डॉ शुभा गरेवाल ने बैठक ली और खंड चिकित्सा अधिकारी, शहरी स्वास्थ्य अधिकारी तथा कॉम्बेट टीम के सदस्य को भारी बारिश के बाद जलभराव वाले क्षेत्रों में स्वास्थ्य कार्यकर्ता विशेष निगरानी रखने की हिदायत दी है। जरूरतमंद लोगों को तत्काल आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए कहा है। इस दौरान 45 कॉम्बेट टीमें गठित की गई हैं। पीएचसी प्रभारी और टीम के सदस्यों को 24 घंटे मोबाइल फोन चालू रखने और आपातकालीन स्थिति में तत्काल कार्रवाई करने के लिए कहा गया है। शनिवार को धूमा, सिलपहरी, ढेका में स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची। जलभराव के कारण क्षेत्र का दौरा किया गया। इस दौरान बीएमओ, बीईटीओ, आरएचओ सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। साथ ही खमतराई में बाढ़ का पानी आने के कारण शासकीय स्कूलों में लोगों को विस्थापित किया गया है। इस दौरान ओआरएस और क्लोरिन के टेबलेट दिए गए है।



### जल स्त्रोतों के आसपास छिड़काव

सीएमएचओ ने पेयजल स्रोतों में क्लोरीनेशन एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव के निर्देश दिए है। लोगों को संक्रमण से बचाव के उपायों के संबंध में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के लिए कहा गया है। दुकानदारों को खाद्य सामग्री ढंककर बेचने के निर्देश भी दिए गए हैं। आपात स्थिति की सूचना तत्काल नोडल अधिकारी, आईडीएसपी अथवा संबंधित टीम को मोबाइल से मिलेगी। 24 घंटे निगरानी के साथ तत्काल कार्रवाई के लिए स्वास्थ्य विभाग की तैयारी की गई है।

### दवा का वितरण किया गया

बारिश का अलर्ट है, इस दौरान कई इलाकों में पानी भरने की सूचना मिली थी, शनिवार को हमारी टीमों ने अपने क्षेत्र के गांव और केन्द्रों का दौरा किया है। शिविर लगाने की जरूरत अभी नहीं पड़ी है, लेकिन कुछ जगहों पर लोगों से साफ सुथरा भोजन खाने की अपील की गई है और क्लोरिन, ओआरएस जैसी दवाओं का वितरण किया गया है। अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम भी गठित कर दी गई है।

\- **डॉ शुभा गरेवाल,** सीएमएचओ, स्वास्थ्य विभाग

# 24 घंटे बाद सबस्टेशन से निकला पानी

व्यापार विहार सबस्टेशन में भारी बारिश के बाद पानी भर गया था, करीब 24 घंटे तक विद्या नगर, व्यापार विहार और स्मार्ट सड़क के आसपास के दुकानों में बिजली बंद रही। बिजली विभाग के अधिकारी इस दौरान हाथ पर हाथ धर बैठे रहे, करीब 24 घंटे के बाद नगर निगम के टीम द्वारा सबस्टेशन से पानी बाहर निकाला गया, जिसके बाद शनिवार की सुबह 8 बजे बिजली सप्लाई नार्मल हो सकी।

- बिजली सप्लाई से लोगों ने ली राहत की सांस

बताया जा रहा है कि जिस जगह पर सबस्टेशन बनाया गया है, वह पूरी तरह से निचला हिस्सा है। इस कारण त्रिवेणी भवन, व्यापार विहार का पानी सीधे सबस्टेशन में घूस रहा है। इसके साथ ही रेलवे ने अपनी जमीन पर दिवाल खड़ी कर दी है, जिसके चलते पानी की निकासी बंद है। ऐसे में भारी बारिश के कारण सबस्टेशन में जल भराव की स्थिति पैदा हो रही है। बताया जा रहा है कि रूम में लगे कंट्रोल तक पानी पहुंच चुका था, जिसके चलते सबस्टेशन आपरेटर भी करंट के डर से भाग खड़े हुए थे। शनिवार की सुबह 4 बजे से 8 बजे तक सबस्टेशन का पानी निकाला गया, जिसके बाद सप्लाई शुरू की जा सकी है। सप्लाई शुरू होने से बिजली बंद के बाद हलाकान हो चुके लोगों ने राहत की सांस ली है।

### यहां रही बिजली बंद

शनिवार को अशोक नगर, बंधवापारा, चौबे कालोनी, टिकरापारा, करबला क्षेत्र में बिजली बंद रही, इस दौरान बिजली की आंखमिचौली जारी रही, लेकिन घंटे दो घंटे के बाद सप्लाई नार्मल होने से लोगों को काफी राहत मिली। वहीं सुबह 8 बजे के करीब 220 केवी 220 केवी सबस्टेशन से सप्लाई बाधित रही, जिससे मधुबन, बसस्टैंड, तोरवा जैसे इलाकों में बिजली बंद रही है।



### मगरपारा की रोड धंस गई

## कांग्रेस ने सड़क पर किया प्रदर्शन




**बिलासपुर**। लगातार हो रही बारिश से शहर की तथा हाईवे की सड़क उखड़ने लगी है। मगरपारा में भाजपा पार्षद के घर के सामने की सड़क धंस गई है और करीब 150 मीटर तक सड़क में जगह-जगह दरार के साथ गड्ढे पड़ गए हैं। इस खराब सड़क को लेकर शनिवार को कांग्रेस द्वारा प्रदर्शन किया गया, जिसके चलते बवाल मचा रहा।






# कटहा में बाढ़ का कहर, जांजगीर जिले से संपर्क टूटा



**मल्हार।** भारी बारिश से ग्राम कटहा में बाढ़ का कहर, लीलागर नदी उफान पर आने से घरों में घुसा पानी। क्षेत्र के ग्राम कटहा और जांजगीर जिले के ग्राम मानाडेरा से मल्हार का संपर्क पूरी तरह से बाधित हो गया। क्षेत्र में लगातार हुई मूसलाधार बारिश ने ग्राम जुनवानी के आश्रितलग्राम कटहा में जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया था। लगातार वर्षा के चलते लीलागर नदी उफान पर है, जिससे बाढ़ का पानी गांव के कई घरों में घुस गया पर शनिवार की शाम से नदी का पानी कम होने से राहत मिली। अचानक आई इस स्थिति से ग्रामीणों के सामने भारी संकट खड़ा हो गया। बाढ़ का पानी घरों में भर जाने के कारण लोगों का दैनिक जीवन प्रभावित हो गया और कई परिवारों के लिए चूल्हा जलाना तक मुश्किल हो गया और भोजन व पेयजल का संकट गहराने लगा। सबसे अधिक परेशानी बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को उठानी पड़ गई। कई परिवार सुरक्षित स्थानों की तवलाश में अपने घर छोड़ने को मजबूर थे परंतु शनिवार को पानी उतरने से कुछ राहत महसूस हुई हालांकि बाढ़ के बाद व्यवस्थित होंने में समय लगेगा।



## बच्चे ही देश और समाज के भविष्य

**तखतपुर।** नवीन शासकीय प्राथमिक शाला टिकरापारा में शिक्षा सत्र के शुभारंभ के साथ नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद कोमल सिंह ठाकुर एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष नैन लाल साहू रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्षद कोमल सिंह ठाकुर ने कहा बच्चे ही देश और समाज का भविष्य हैं। आप सभी प्रतिदिन समय पर विद्यालय आएं, शिक्षकों का सम्मान करें और पढ़ाई के साथ-साथ खेल-कूद में भी भाग लें। मंडल अध्यक्ष नैन लाल साहू ने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे समाज में बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने शासन की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार बच्चों की शिक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत है और सभी अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजें। स्कूल के प्रधानपाठक नीमा ठाकुर ने अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कराया गया। इस अवसर पर कोमल सिंह ठाकुर, नीमा ठाकुर, नैन लाल साहू, किरण ठाकुर, अंकित दुबे, रानू ठाकुर, बेदियां बाई, अश्वनी ठाकुर, भारती ठाकुर, रेखा अंचल, पुष्पा दरिया, अमन ठाकुर उपस्थित रहे।



## प्राकृतिक संतुलन के आधार हैं वृक्ष

**तखतपुर।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प के साथ पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के छायादार एवं फलदार पौधे रोपित किए गए। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा छात्राओं ने सहभागिता निभाई और पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र शुक्ला ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण की रक्षा ही नहीं करते, बल्कि मानव जीवन के लिए प्राणवायु, शुद्ध वातावरण तथा प्राकृतिक संतुलन के आधार भी हैं। इको क्लब प्रभारी रश्मि मिश्रा ने छात्राओं को पौधों की उपयोगिता, पर्यावरण संरक्षण तथा जैव विविधता के महत्व की जानकारी दी। सभी ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने तथा अधिक से अधिक लोगों को पौधरोपण के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बलिराम सूर्यवंशी, आमोद एकका, संदीप ध्रुव, मीनाक्षी शर्मा, मीनाक्षी बनर्जी, माहेश्वरी सिन्हा, पारुल यादव, स्वीटी सिंह, कामिनी गुप्ता, दिब्या मिश्रा, मिनाज खान, सहित अन्य उपस्थित रहे।

## भारी बारिश के बाद प्रशासन अलर्ट मोड पर

**मुंगेली।** भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा आगामी 48 से 72 घंटों के दौरान जिले में गरज–चमक, आकाशीय बिजली और कहीं–कहीं अत्यंत भारी वर्षा की चेतावनी जारी किए जाने के बाद कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कुन्दन कुमार ने जिले में व्यापक आपदा पूर्व तैयारियों के लिए आपातकालीन आदेश जारी किए हैं। आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत जारी इस आदेश में सभी संबंधित विभागों को तत्काल प्रभाव से अलर्ट मोड में कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

■ जन–धन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : कलेक्टर

कलेक्टर ने कहा कि भारी वर्षा के कारण अचानक बाढ़, मनियारी एवं शिवनाथ नदियों के जलस्तर में वृद्धि, राजीव गांधी (खुड़िया) जलाशय में भारी जल आवक तथा शहरी क्षेत्रें में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। ऐसी परिस्थितियों में जन–धन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं राजस्व अधिकारियों को ब्लक स्तरीय नियंत्रण कक्ष तत्काल सक्रिय करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही नदी किनारे एवं निचले क्षेत्रें के गांवों में ग्राम कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराकर लोगों को सतर्क करने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील करने को कहा गया है।



**जलमग्न पुलों और रपटों पर यातायात रहेगा पूर्ण प्रतिबंध –** जल संसाधन विभाग को राजीव गांधी (खुड़िया) जलाशय के जलस्तर की प्रति घंटे निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने कहा किया है कि डाउनस्ट्रीम क्षेत्रें के गांवों को कम से कम तीन घंटे पूर्व सूचना दिए बिना तथा जिला दण्डाधिकारी की लिखित अनुमति के बिना मनियारी नदी में जल का आपातकालीन डिस्चार्ज नहीं किया जाएगा। पुलिस एवं यातायात पुलिस को सभी रपटों एवं कजवे पर मजबूत बैरिकेडिंग कर जीरो क्रसिंग नीति का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी परिस्थिति में जलमग्न पुल, रपट या सड़क से वाहनों एवं पैदल यात्रियों को गुजरने की अनुमति नहीं होगी।

**अधिकारियों के अवकाश निरस्त –** कलेक्टर ने नागरिकों से अपील की है कि अत्यावश्यक कार्य के अलावा घरों से बाहर न निकलें, आकाशीय बिजली के दौरान पेड़ों या कमजोर संरचनाओं के नीचे शरण न लें तथा नदी, बांध, नाले और जलभराव वाले क्षेत्रें के आसपास जाने से बचें। आवश्यक सेवाओं से जुड़े सभी विभागों के वर्ग–1, वर्ग–2 एवं वर्ग–3 अधिकारियों–कर्मचारियों के अवकाश तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिए गए हैं।

### कलेक्टर-एसएसपी ने की गहन समीक्षा

भारतीय मौसम विभाग द्वारा जिले में भारी वर्षा की चेतावनी जारी किए जाने के मद्देनजर कलेक्टर कुन्दन कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने शनिवार को अधिकारियों की आपात बैठक लेकर संभावित बाढ़ आपदा से निपटने की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने सभी विभागों को पूर्व तैयारी, त्वरित समन्वय और प्रभावी कार्ययोजना के साथ सतर्क रहने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विशेष रूप से अचानकमार क्षेत्र तथा अन्य पहुंच–विहीन इलाकों में राहत एवं बचाव व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए कहा कि संभावित आपदा की स्थिति में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अनुविभाग एवं जिला स्तर पर 24x7 कंट्रोल रूम स्थापित करने, स्वास्थ्य विभाग में मेडिकल टीमों की तैनाती तथा राहत शिविरों को सभी आवश्यक सुविधाओं के साथ तैयार रखने के निर्देश दिए।





## धरमलाल से मिले मुंगेली जिले के भाजपा कार्यकर्ता

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में उत्कृष्ट विधायक के सम्मान से सम्मानित होने के पश्चात रायपुर स्थित निवास पर मुंगेली जिले के भाजपा परिवार के साथियों ने बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक से भेंट कर शुभकामनाएं दी।

इस मौके पर भाजपा मुंगेली जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व जिलाध्यक्ष शैलेश पाठक, वरिष्ठ भाजपा नेता लोकनाथ सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुनील पाठक, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि परमेश्वर सिंह ठाकुर, जिला भाजपा कार्यालय मंत्री कोटूमल दादवानी तथा जिला प्रवक्ता मिट्ठू राम यादव मौजूद थे। इस दौरान श्री कौशिक ने कहा कि आप सभी का स्नेह, आत्मीयता और शुभकामनाएं मुझे जनसेवा के प्रति और अधिक समर्पण एवं निष्ठा के साथ कार्य करने की प्रेरणा देती हैं। यह सम्मान मेरे लिए केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि बिल्हा विधानसभा की देवतुल्य जनता, भाजपा परिवार के प्रत्येक कार्यकर्ता और आप सभी के विश्वास एवं सहयोग का सम्मान है। आप सभी का स्नेह और साथ सदैव इसी प्रकार बना रहे। इसके लिए मैं आप सभी का हृदय से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करता हूं।

## खुड़िया बांध के ऊपरी क्षेत्र में बसे गांवों का अफसरों ने किया निरीक्षण



**लोरमी।** वनाचंल क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के चलते राजीव गांधी जलाशय (खुड़िया बांध) पूरी तरह लबालब हो गया है। जलाशय के भरने के बाद अतिरिक्त पानी वेस्ट वियर (स्पिलवे) से लगभग दो फीट (1500 क्यूसेक प्रति सेकेंड) ऊपर बहते हुए मनियारी नदी में प्रवाहित हो रही है। दूसरे दिन शनिवार ऊपरी क्षेत्र में बारिश से बांध के वेस्टवेयर तेज बहाव 2 फीट से अधिक बहाव सिंचाई विभाग ने दर्ज किया हैं। ब्लाक स्तर के राजस्व विभाग के अनुविभागीय अधिकारी अजीत पुजारी के नेतृत्व में खुड़यिा क्षेत्र का निरीक्षण किया। एसडीएम अजीत पुजारी ने बताया कि बीएमओ डॉ जीएस दाऊ, सीईओ सुरेश कंवर सहित तहसीलदार राही एवं नायब तहसीलदार सहित टीम ने ग्राम बिजराकछार में पेयजलापूर्ति सहित अन्य सुविधाएं निरीक्षण कर बांध के ऊपरी क्षेत्र में स्थित ग्राम डंगनिया, मंजुरहा, बिसौनी यहाँ आवागमन बाधित हो जाता है, फ्लड क्षेत्र का पेयजलापूर्ति एवँ सरकारी जर्जर स्कुल को क्लास नही लगाने निर्देश दिया गया। बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन ने ग्राम खुड़यिा में जिला स्तरीय 6 सदस्ययी एसडीआरएफ की टीम कैंम करेगी।




# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, रविवार 19 जुलाई 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




कार्यक्रम

## खालसा, गुरुनानक स्कूल पहुंचा नशा मुक्ति रथ



**बिलासपुर।** ब्रह्माकुमारीज के मेडिकल प्रभाग द्वारा संचालित नशामुक्ति रथ बीके मंजू दीदी के मार्गदर्शन में खालसा उच्चतर माध्यम विद्यालय, गुरुनानक स्कूल, दयालबंद क्षेत्र, तोरवा तथा स्मृति वन गार्डन पहुंचा। इस दौरान नशे और मोबाइल की बढ़ती लत से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर राजयोग मेडिटेशन एवं श्रेष्ठ संस्कार अपनाने का संदेश दिया गया।




कार्यक्रम के दौरान दयालबंद एवं तोरवा क्षेत्र के नागरिकों ने नशा मुक्त, व्यसन मुक्त एवं संस्कारवान भारत के निर्माण का संकल्प लिया। वहीं खालसा पब्लिक स्कूल की प्राचार्या श्रीमती कुशवाहा ने इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों में नैतिक मूल्यों, अनुशासन और नशा मुक्त जीवनशैली का संदेश देने के लिए ऐसे कार्यक्रम समय की आवश्यकता हैं। अभियान में बीके. ज्ञाना बहन, बीके. शशि बहन, बीके. गायत्री बहन, बीके. पूर्णिमा बहन एवं राकेश भाई ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

समारोह

## रोटरी क्लब ऑफ क्वीन्स का 9वां शपथ ग्रहण

**बिलासपुर।** रोटरी क्लब ऑफ क्वीन्स का 9वां इंस्टॉलेशन एवं ग्रैटिट्यूड समारोह अत्यंत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में वर्ष 2026-27 के लिए नवगठित कार्यकारिणी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ लेकर अपने दायित्वों का विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। समारोह में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन आलम सिंह रूपरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन ओमप्रकाश मोदी ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई तथा आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ देते हुए सेवा, नेतृत्व और मानवीय मूल्यों के साथ समाजहित में कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर भारती सालुंके ने अध्यक्ष पद, रिंपी होरा ने सचिव पद तथा रोटेरियन मंजीत सैनी ने कोषाध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण किया। नव निर्वाचित अध्यक्ष रोटेरियन भारती सालूनके ने अपने संबोधन में क्लब की आगामी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि इस वर्ष क्लब शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण एवं सामुदायिक सेवा के क्षेत्र में प्रभावी एवं स्थायी कार्य करेगा। इनमें वंदना सिंह ठाकुर, मनीषा जायसवाल, शिल्पी चौधरी, सीमा ठाकुर, प्रियंका जीवनानी, स्वाति श्रीवास्तव, रश्मि पटेरिया, रश्मि जैन, रिंकी गांधी, अंजू अग्रवाल, एकता वीरवानी, अलका अग्रवाल, अमिता गोयल, स्मिता जैन, संगीता चोपड़ा, संगीता सिंह एवं ऐश्वर्या जायसवाल सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।



जागरूकता

## वैश्य कसौंधन समाज करेगा 21 सौ पौधों का नि :शुल्क वितरण

**बिलासपुर।** वैश्य कसौंधन समाज द्वारा 19 जुलाई रविवार को पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने निःशुल्क 21 सौ पौधों का वितरण सुबह 12 बजे जूना बिलासपुर में किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया कि समाज, व्यापारी एवं आम जनता को सभी प्रकार के पौधों का वितरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अपने घर, फॉर्म हाउस, किसी नजदीक के स्कूल, स्वास्थ्य विभाग या तालाब में फलदार, छायादार पौधों का रोपण कर अपने आसपास के वातावरण को हरा भरा बना सकते हैं। इससे शुद्ध वायु का प्रवाह आसपास होते रहेगा। आज हमारे देश में कम से कम 8 सौ करोड़ वृक्ष की जरूरत है। इसमें सहभागिता निभाते हुए हम सब मिल कर कम से कम एक वृक्ष जरूर लगाएं और उसकी देखभाल करने की शपथ लेवें। तभी हमारा आने वाला कल सुरक्षित रहेगा और हमारी आने वाली पीढ़ी को इसका फायदा मिलेगा ।



हेल्थ लाइव

## मिनटों में डायबिटीज-कैंसर जैसी बीमारियों का चल जाएगा पता

**बिलासपुर।** ब्लड शुगर की जांच के लिए ग्लूकोमीटर को सबसे आसान उपकरण माना जाता रहा है। इसके स्ट्रिप पर उंगली से एक बूंद खून लगाते ही कुछ सेकेंड्स में ही पता चल जाता है कि आपका शुगर लेवल बढ़ा तो नहीं है? कितना अच्छा हो अगर इसी तरह से आपको मिनटों में कैंसर, हार्ट डिजीज, अल्जाइर और पार्किंसंस रोगों के खतरे का पता चल जाए? अस्पताल में लंबी-लंबी जांचों, महंगे स्कैन या दर्जनों ब्लड टेस्ट की जगह डॉक्टर आपकी उंगली में हल्की-सी सुई चुभोएं, खून की सिर्फ एक बूंद लें और उसी से यह अंदाजा लगाने लगें कि आने वाले वर्षों में आपको कैंसर, हार्ट डिजीज, टाइप-2 डायबिटीज या मोटापे जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा कितना है? सुनने में थोड़ा असंभव सा लग सकता है, लेकिन वैज्ञानिकों का मानना है कि भविष्य की हेल्थ स्क्रीनिंग कुछ ऐसी ही होने वाली है। एक रिपोर्ट में विशेषज्ञों ने ग्लूकोज कीटोन इंडेक्स टेस्ट के बारे में जानकारी दी है। यह टेस्ट ब्लड शुगर और कीटोन के लेवल की रीडिंग करके बताता है कि आपका मेटाबॉलिज्म कितना स्वस्थ है? यानी आपका शरीर ऊर्जा बनाने के लिए भोजन का इस्तेमाल सही तरीके से कर रहा है या नहीं? शोधकर्ताओं का मानना है कि ये जानकारी भविष्य में कई गंभीर और जानलेवा बीमारियों का शुरुआती संकेत बन सकती है।



# मौसी मां के घर महाप्रभु का विश्राम, पारंपरिक व्यंजन का लगा भोग

रथयात्रा के बाद महाप्रभु जगनाथ, देवी सुभद्रा और भाई बलभद्र के साथ अपने मौसी मां के घर में हैं। वहां उनके सम्मान में हर दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वहीं भक्त भी महाप्रभु को अपने बीच पाकर प्रसन्न हैं और उनकी सेवा विभिन्न प्रकार के पारंपरिक पकवानों के साथ कर रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रथयात्रा के बाद रेलवे परिक्षेत्र स्थित मौसी मां मंदिर में रथ उत्सव की धूम है। वहां भगवान जगन्नाथ का दर्शन करने भक्तजन निरंतर आ रहे हैं एवं विविध तरह के पकवान महाप्रभु को अर्पित कर रहे हैं। पहले दिन भक्तों ने भगवान के पसंद का गोड़ी-पीता का भोग लगाया। वहीं रात्रि में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आनंद ले रहे हैं। शनिवार को विजय डांस ग्रुप के कलाकारों ने डांस व संगीत की प्रस्तुति दी। इससे पूरा माहौल सांस्कृतिकमय बना रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रम की कड़ी में रविवार 19 जुलाई को राधे-राधे ग्रुप द्वारा भजन, सोमवार 20 जुलाई को श्रीक्षेत्र कला परिषद द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति दी जाएगी। मंगलवार 21 जुलाई को उत्कल विलासा पत्रिका का विमोचन होगा।

**सम्मान में हर दिन हो रहा सांस्कृतिक कार्यक्रम**







### 24 को निकलेगी बहुड़ा यात्रा

श्री जगन्नाथ सेवा समिति के तत्वावधान में 24 जुलाई को दोपहर दो बजे बहुड़ा यात्रा निकाली जाएगी। भगवान मौसी मां के घर से श्रीमंदिर वापस जाएंगे। बहुड़ा यात्रा में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी बलराम प्रसाद साहू पूजा करेंगे। छेरा पहरा की रस्म सेवानिवृत्त अधिकारी गोपाल कृष्ण राय निभाएंगे। आयोजकों ने बताया कि बहुणा यात्रा जिस रास्ते से भगवान मौसी मां के घर गए थे, उसी रास्ते से श्री मंदिर वापस आएंगे।

## निम्बार्क भवन में गूंजेगा अखंड युगल नाम संकीर्तन

**बिलासपुर।** प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी अष्ट दिवसीय अखंड युगल नाम संकीर्तन अग्रवाल निम्बार्क भवन विद्यानगर में सोमवार 20 से 28 जुलाई तक किया जा रहा है। इसमें भगवद् कृपा वृन्दावन धाम से प्राप्त श्री युगल नाम संकीर्तन भजन पेश किए जाएंगे। आयोजन का यह 10 वां वर्ष है।

■ वाद्य यंत्रों की धुन के साथ दी जाएगी भजनों की प्रस्तुति

कार्यक्रम के आयोजक आशा रामावतार, निधी शिखर अग्रवाल ने बताया कि युगल नाम संकीर्तन श्री राधा-कृष्ण या सीताराम जैसे दिव्य युगल के नामों का सामूहिक जप और कीर्तन का सनातन धर्म में सर्वोच्च स्थान है। यह कलियुग में मोक्ष, मानसिक शांति और भगवत प्राप्ति का सबसे सुगम और शक्तिशाली माध्यम माना जाता है। इसके प्रमुख आध्यात्मिक और व्यवहारिक महत्व है। युगल नाम के संकीर्तन से काम, क्रोध, लोभ जैसे विकार नष्ट होते हैं। यह हृदय में प्रेम, करुणा और सकारात्मक ऊर्जा भर देता है।

कृष्ण या युगल सरकार का संकीर्तन भक्तों को सांसारिक मोह-माया से मुक्त कर शुद्ध और निष्काम भक्ति प्रदान करता है। कार्यक्रम को सफल बनाने अखंड युगल नाम संकीर्तन मंडल, छत्तीसगढ़, श्री राधा सखी परिकर, श्री युगल उपासक उत्सव मण्डल छत्तीसगढ़ सहित समस्त भक्तवृन्द जुटे हैं। आयोजकों ने अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कीर्तन का पुण्य लाभ लेने का आग्रह किया है।



### वातावरण बनता है दिव्य

संकीर्तन का अर्थ भगवान के नाम का सामूहिक रूप से कीर्तन या स्मरण करना है। जब कई लोग मिलकर एक स्वर में नाम जपते हैं, तो उसका प्रभाव व्यक्तिगत जप से कई गुना अधिक होता है और वातावरण दिव्य बन जाता है।

## महात्म्य को दर्शाती है गोकर्ण-धुंधकारी कथा

**बिलासपुर।** प्रियदर्शनीय नगर में शनिवार को संगीतमयी श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा में महिलाओं ने भारी संख्या में भाग लिया। कथा वाचक पं. मुकेश कुमार तिवारी गिरधौना ने गोकर्ण-धुंधकारी की कथा पर प्रकाश डाला और बताया कि यह कथा आत्मा की मुक्ति, भक्ति की शक्ति और श्रीमद भागवत कथा के माहात्म्य को दर्शाती है।

■ प्रियदर्शनीय नगर में कलश यात्रा के साथ कथा का शुभारंभ

कथा वाचक ने बताया कि गोकर्ण-धुंधकारी की कथा श्रीमद भागवत महापुराण का एक अत्यंत प्रेरणादायक प्रसंग है। प्राचीन काल में तुंगभद्रा नदी के किनारे एक नगर में आत्मदेव नाम के विद्वान ब्राह्मण अपनी पत्नी धुंधुली के साथ रहते थे। निःसंतान होने के कारण वे बहुत दुखी रहते थे। एक संन्यासी की कृपा से उन्हें फल प्राप्त हुआ, लेकिन उनकी पत्नी के डर के कारण वह फल एक गाय ने खा लिया। इससे गाय ने एक दिव्य बालक को जन्म दिया। जिसके कान गाय जैसे थे। इसी कारण उसका नाम गोकर्ण रखा गया। धुंधुली की बहन के पुत्र का नाम धुंधकारी रखा गया। गोकर्ण बचपन से ही बहुत ज्ञानी, शांत और वैरागी थे। वहीं धुंधकारी बुरी संगति में पड़ कर अपने पिता की सारी संपत्ति नष्ट कर दी। दुखों से तंग आकर आत्मदेव ने संन्यास ले लिया। बाद में एक रात उसकी बेरहमी से हत्या कर दी गई। पाप कर्मों के कारण धुंधकारी की मृत्यु के बाद उसे प्रेत योनि प्राप्त हुई। वह हवा बनकर भटकने लगा। अपने भाई की इस दुर्गति को गोकर्ण ने ज्ञान दृष्टि से जान लिया। गोकर्ण ने पितरों की मुक्ति के लिए गया जाकर श्राद्ध किया। फिर भी धुंधकारी की प्रेत योनि समाप्त नहीं हुई। कथा समाप्त होते ही धुंधकारी प्रेत योनि से मुक्त हो गया। कथा के मुख्य यजमान समीर, स्मिता शर्मा हैं। कथा स्व. द्वारिका प्रसाद शर्मा की स्मृति में आयोजित है।



# कला के जरिए भावनात्मक बुद्धिमत्ता सीख रहे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल में स्पिकमेके द्वारा असम के सत्रिय नृत्य पर एक प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के लिए असम से चार कलाकारों का आगमन हुआ। सभी कलाकार अपने-अपने क्षेत्र में बहुत खास अनुभव लेकर यह कार्य कर रहे हैं।

उषा रानी वैश्य उस्ताद बिस्मिल्लाह ख़ाँ युवा पुरस्कार से सम्मानित हैं। वे संस्कृति मंत्रालय की वरिष्ठ शोध फेलो, प्राग्ज्योतिषपुर विश्वविद्यालय, गुवाहाटी के प्रदर्शन कला विभाग की संकाय सदस्य तथा दूरदर्शन, नई दिल्ली की 'ए' ग्रेड कलाकार हैं। उपेन बरगायन बचपन से ही मठ में रहकर संगीत एवं साधना का अभ्यास कर रहे हैं। उनके साथ संगत कलाकारों में कृष्णकांत दास तथा डॉ जादव बोरा उपस्थित रहे, जिनके उत्कृष्ट संगीत ने प्रत्येक प्रस्तुति को और अधिक प्रभावशाली बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के अध्यक्ष डॉ अजय श्रीवास्तव, निदेशक एस के जनास्वामी तथा प्राचार्या जी आर मधुलिका द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर असम की सुप्रसिद्ध सत्रिय नृत्यांगना एवं कोरियोग्राफर उषा रानी वैश्य ने अपनी मनमोहक वंदना से कार्यक्रम को आगे बढाया। उनकी भावपूर्ण प्रस्तुति ने विद्यार्थियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वंदना की सौम्यता, आध्यात्मिकता और लयात्मकता ने वातावरण में शांति, ताजगी और नई ऊर्जा का संचार किया तथा कार्यक्रम के भाव एवं उद्देश्य की सुंदर भूमिका प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को सत्रिय नृत्य की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से परिचित कराया गया। सत्रिय भारत की प्रमुख शास्त्रीय नृत्य शैलियों में से एक है, जिसकी उत्पत्ति असम के वैष्णव मठों में हुई। पंद्रहवीं शताब्दी में महान संत, समाज-सुधारक एवं विद्वान श्रीमंत शंकरदेव द्वारा विकसित इस नृत्य शैली में भगवान श्रीकृष्ण एवं भगवान विष्णु के विविध अवतारों से संबंधित भक्तिमय कथाओं का अभिनय, संगीत और नृत्य के माध्यम से अत्यंत सुंदर समन्वय देखने को मिलता है। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के अध्यक्ष डॉ अजय श्रीवास्तव ने कलाकारों के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय शास्त्रीय कलाएँ केवल हमारी सांस्कृतिक धरोहर नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, संवेदनशीलता और मानवीय मूल्यों के विकास का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने स्पिकमेके एवं कलाकारों का आभार व्यक्त करते हुए आशा व्यक्त की कि ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रम भविष्य में भी विद्यार्थियों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जोड़ते रहेंगे।





स्पिकमेके द्वारा शास्त्रीय नृत्य कार्यशाला

### शास्त्रीय नृत्य की व्याकरण से भी परिचित कराया

उषा रानी वैश्य ने केवल प्रस्तुति ही नहीं दी, बल्कि विद्यार्थियों को संवादात्मक शैली में शास्त्रीय नृत्य की व्याकरण से भी परिचित कराया। वे विभिन्न मुद्राओं, हस्तभंगिमाओं एवं गतियों का संक्षिप्त प्रदर्शन करतीं और विद्यार्थियों से उनके अर्थ एवं भाव का अनुमान लगाने के लिए कहतीं। इसके माध्यम से विद्यार्थियों ने समझा कि किस प्रकार प्रत्येक मुद्रा, चरण संचालन, नेत्राभिनय तथा अंग-संचालन का अपना विशिष्ट नाम, उद्देश्य और सौंदर्यशास्त्रीय महत्व होता है। उन्होंने यह भी बताया कि अनेक मुद्राओं एवं गतियों के नाम प्रकृति, पशु-पक्षियों, दैनंदिन जीवन तथा पौराणिक प्रसंगों से प्रेरित हैं, जिससे नृत्य केवल शारीरिक अभिव्यक्ति न रहकर अर्थपूर्ण सांस्कृतिक भाषा बन जाता है।कार्यक्रम का एक अत्यंत रोचक एवं प्रभावशाली भाग नवरसों की प्रस्तुति रहा। उषा रानी वैश्य ने अभिनय, मुखाभिनय और संवाद के माध्यम से श्रृंगार, वीर, अद्भुत, शांत, करुण, हास्य, रौद्र, भयानक तथा वीभत्स रसों का सजीव प्रदर्शन किया।

स्पोटर्स न्यूज

# पैसिफिक पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में शहर के प्रियंक ने जीता ब्रांज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

साउथ अफ्रीका में आयोजित एशिया-पैसिफिक पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में भारतीय खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का मान बढ़ाया है। प्रतियोगिता में भारतीय दल के अन्य खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए देश को पदक दिलाने में कामयाबी हासिल की। इसमें बिलासपुर के प्रियंक मिश्रा का प्रदर्शन सबसे खास रहा, जिन्होंने अपनी पहली ही इंटरनेशनल प्रतियोगिता में उतरते हुए शानदार 'डबल धमाका' किया और भारत की झोली में दो पदक डाल दिए।

प्रियंक ने प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कुल 605 किलोग्राम का वजन उठाया और यह सफलता हासिल की। शानदार लिफ्टिंग के साथ जीते दो पदकप्रतियोगिता के पहले चरण में प्रियंक ने इक्विप्ड कैटेगरी में शानदार खेल दिखाते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। इसके बाद, शनिवार को दूसरे दौर की क्लासिक प्रतियोगिता के 93 किलोग्राम भार वर्ग में प्रियंक ने भारत के लिए कांस्य पदक जीता। अपनी पहली ही अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में गोल्ड और ब्रॉन्ज की यह दोहरी सफलता छत्तीसगढ़ के खेल जगत के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और प्रियंक की यह बड़ी जीत वाकई काबिले तारीफ है। अपनी इस सफलता पर प्रियंक मिश्रा ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया। प्रियंक ने कहा छत्तीसगढ़ सरकार का हृदय से धन्यवाद करता हूँ। खेल के प्रति उनके लगाव, व्यक्तिगत सहयोग और अमूल्य आशीर्वाद के बिना मेरा इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेना और पदक जीतना नामुमकिन था। उनके इसी व्यक्तिगत प्रोत्साहन और संबल की बदौलत मैं विदेशी धरती पर देश और प्रदेश का नाम रोशन कर पाया हूँ। इसके पश्चात, प्रियंक ने अपने कोच आसिफ अली और भारतीय टीम के कोच कृष्णा साहू के प्रति विशेष रूप से आभार व्यक्त किया, जिनके मार्गदर्शन और कठिन अभ्यास की बदौलत वे इस मुकाम तक पहुंचे। उन्होंने अपनी तैयारी में हौसला बढ़ाने वाले सभी साथी खिलाड़ियों का भी धन्यवाद किया। साथ ही, प्रियंक ने पावरलिफ्टिंग इंडिया के अध्यक्ष सतीश कुमार कुदरीली और जनरल सेक्रेटरी अर्जुन अवार्डी, पीजे जोसफ का शुक्रिया अदा किया, जिन्होंने उन्हें भारतीय टीम में अवसर दिया। उन्होंने छत्तीसगढ़ पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक सुरेश, अध्यक्ष कैलाश जैन बरमेचा सहित सभी पदाधिकारियों और बिलासपुर के साथी खिलाड़ियों, शुभचिंतकों का भी दिल से आभार जताया।



## खबर संक्षेप

### वैश्य कसौंधन समाज भारत करेगा 2100 पौधा वितरण आज

**बिलासपुर।** वैश्य कसौंधन समाज भारत की ओर से रविवार को पर्यावरण के उपलक्ष्य पर निःशुल्क 2100 पौधो का वितरण सुबह 12 बजे जूना बिलासपुर में किया जाएगा। कार्यवाहक अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया कि समाज, व्यापारी एवं आम जनता को सभी प्रकार के पौधे वितरण किए जाएंगे। हमारे देश में कम से कम 800 करोड़ पौधे हरे वृक्ष पौधे की जरूरत है। आप हम सबको कम से कम एक वृक्ष जरूर लगाकर देखभाल की शपथ लेनी चाहिए, ताकि आने वाला कल सुरक्षित रहेगा और हमारी आने वाली पीढ़ी को इसका फायदा मिलेगा।

### चार पीढ़ी का संगम परिवार मिलन समारोह में शामिल होंगे डिप्टी सीएम

**बिलासपुर।** फगनी देवी चमन लाल यादव स्मृति सेवा संस्थान की ओर से रविवार 19 जुलाई को चार पीढ़ी का संगम यादव परिवार मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन सुबह 11 बजे पं. देवकी नंदन दीक्षित सभा भवन लाल बहादुर शास्त्री स्कूल परिसर में होगा। समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव मुख्य होंगे। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. सोमनाथ यादव और सचिव सतीश यादव ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य परिवारों में एकता और पारिवारिक मूल्यों को बढ़ावा देना है। साथ ही समाजसेवा, संस्कृति और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोगों का सम्मान भी किया जाएगा। समारोह में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, बिलासपुर महापौर पूजा विधानी, पद्मश्री फुलबासन यादव, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह चंद्रशेखर देवांगन तथा प्रांत कृषक प्रमुख उत्तरा यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

### ब्यूटी बिजनेस अवार्ड शो में शामिल होंगी अभिनेत्री मंदाकिनी आज

**बिलासपुर।** एजुकेशन लर्निंग ब्यूटी एरिस्टो एक्सपो के साथ ब्यूटी अवार्ड शो का आयोजन 19 जुलाई को होटल एम्परर पैराडाइज यश पैलेस, अजीत नगर करबला रोड में किया जाएगा। इसमें विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित एवं प्रतिभाशाली कलाकार एवं विशेषज्ञ अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराएंगे, जिनमें आर्टिस्ट, प्रसिद्ध ब्यूटी एक्सपर्ट, मेकअप आर्टिस्ट, हेयर एक्सपर्ट एवं नेल एजुकेटर द्वारा लाइव डेमो, सेमिनार तथा आधुनिक ब्यूटी तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर बॉलीवुड अभिनेत्री मंदाकिनी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी और ब्यूटी इंडस्ट्री में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ब्यूटी प्रोफेशनल्स, आर्टिस्ट, सैलून संचालकों एवं उद्यमियों को सम्मानित करेंगी। यह दो दिवसीय आयोजन ब्यूटी इंडस्ट्री से जुड़े प्रतिभागियों के लिए नई तकनीक सीखने, अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने तथा उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मान प्राप्त करने का एक विशेष अवसर होगा।



### मप्र छग के बीच डीआर स्वीकृति की सहमति की अनिवार्यता समाप्त

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन ने मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49 के अंतर्गत पेंशनरों कaो देय महंगाई राहत डीआर की स्वीकृति के लिए दोनों राज्यों की आपसी सहमति की अनिवार्यता समाप्त किए जाने के निर्णय का स्वागत किया है। एसोसिएशन ने इसे दोनों प्रदेश के लाखों पेंशनरों एवं परिवार पेंशनरों के हित में एक सकारात्मक निर्णय बताया है। एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष पीआर यादव ने बताया कि संगठन द्वारा छत्तीसगढ़ के सभी सांसदों एवं विधायकों के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर अनुरोध किया गया था कि मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49 के अंतर्गत महंगाई राहत स्वीकृत करने के लिए दोनों राज्य सरकारों की आपसी सहमति की बाध्यता समाप्त कर स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने की व्यवस्था लागू की जाए। इस निवेदन के तारतम्य में 17 जुलाई को मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ शासन के सचिव तथा अपर मुख्य सचिव स्तर से पत्र जारी कर महंगाई राहत की स्वीकृति हेतु आपसी सहमति की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। इससे भविष्य में दोनों राज्य अपने-अपने स्तर पर महंगाई राहत संबंधी आदेश जारी करने के लिए स्वतंत्र होंगे तथा पेंशनरों को समय पर महंगाई राहत प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त होगा।

### जल भराव क्षेत्र के प्रभावित परिवारों तक रोटी बैंक ने पहुंचाया भोजन पैकेट



**बिलासपुर।** शहर में हो रही निरंतर बारिश से कई परिवारों की रसोई तक पानी पहुंच जाने से भोजन, पेयजल और दैनिक उपयोग की वस्तुओं का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। इसे देखते हुए रोटी बैंक बिलासपुर ने जलभराव वाले क्षेत्रों में पहुंचकर प्रभावित परिवारों तक भोजन के पैकेट, आवश्यक सामग्री और हर संभव सहायता पहुंचाई। रोटी बैंक टीम के रितेश शर्मा और मणिशंकर दुबे ने बताया कि उनके द्वारा लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर जरूरतमंद परिवारों की पहचान की जा रही है, ताकि कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए। कई ऐसे परिवार, जिनकी रसोई पूरी तरह जलमग्न हो चुकी थी और जिनके पास भोजन बनाने का कोई साधन नहीं बचा था, उनके लिए यह सहायता जीवनदायिनी साबित हो रही है। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को समय पर भोजन उपलब्ध कराकर टीम ने लोगों के चेहरों पर राहत और विश्वास लौटाने का कार्य किया। उनकी टीम का संदेश है कि मानवता की सबसे बड़ी पहचान दूसरों के दुख में उनके साथ खड़ा होना है। उन्होंने समाज के जागरूक नागरिकों से अपील की है कि यदि वे भी मानव सेवा के इस अभियान का हिस्सा बनना चाहते हैं तो आगे आएं। अपना कुछ समय, श्रम या सहयोग देकर किसी जरूरतमंद के चेहरे पर मुस्कान लाई जा सकती है।

## हाईकोर्ट का आदेश

### कलेक्टर द्वारा 8 मई 2026 को जारी आदेश एक तय समय के लिए ही मान्य था

# साइंस कालेज में मीना बाजार शाम 7 से रात 10 बजे तक ही लगाया जा सकेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

साइंस कालेज में मीना बाजार शाम 7 बजे से लेकर रात के 10 बजे तक ही लगाया जा सकेगा। हाईकोर्ट ने इसके आदेश जारी करते हुए छात्रों द्वारा दायर याचिका को स्वीकार कर लिया है।

कोर्ट ने कहा कि कलेक्टर द्वारा 8 मई 2026 को जो आदेश जारी किया गया था वह एक तय समय के लिए ही मान्य था, जो अब खत्म हो चुकी है। इसके बाद प्राचार्य ने 20 जून को एक एनओसी जारी किया, जो कलेक्टर द्वारा सीमित समय के लिए दी जाने वाली अनुमति पर निर्भर थी और वह भी कॉलेज के समय के बाद के लिए ही। साइंस कालेज में मीना बाजार लगाने का विरोध वहां पढ़ने वाले छात्र कर रहे हैं। कालेज के छात्रों ओम वासूदेवव और शिवराज तिर्की ने इसके खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें कहा गया कि फन फेयर एम्यूजमेंट पार्क के लिए साइंस कालेज मैदान में कंक्रीट एरिया में मनोरंजन हेतु स्टाल व मेला लगाने अनुमति कलेक्टर ने दी थी। यह आदेश 8 मई के लिए ही था। इसके बाद मीना बाजार के लिए किए गए आवेन को तात्कालीन प्राचार्य ने अमान्य कर दिया।



हालांकि बाद में प्रभारी प्राचार्य डी. के. श्रीवास्तव ने 20 जून को एनओसी दिया जो कि कलेक्टर के आदेश का उल्लंघन था। साथ ही प्राचार्य को ज्ञात था कि मैदान आबंटन के सम्बन्ध में उच्च न्यायालय में प्रकरण दर्ज है किन्तु उन्होंने एसडीएम को इसके बार में सूचित नहीं किया। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद शाम 7 से रात 10 बजे तक ही मीना बाजार लगाने के आदेश दिए गए हैं।

### याचिका में यह कहा गया था

याचिका में छात्रों ने कहा कि साइंस कॉलेज परिसर का खेल मैदान पढ़ाई और खेल के लिए है, न कि व्यावसायिक आयोजनों के लिए। छात्रों के मुताबिक उनके अभ्यास में रुकावट होती है। एथलीट और 'अग्निवीर' जैसी सेना की तैयारी करने वाले युवाओं का डेली रूटीन बाधित होता है। भारी पंडाल और स्टॉल लगाने से घास और मिट्टी खराब हो जाती है। इधर तमाम विरोध के बाद भी मीना बाजार वाले ने साइंस कालेज खेल मैदान में पंडाल लगाना शुरू कर दिया है। 60 से अधिक बड़े गड्ढे तीन फिट से अधिक के खोद दिए गए हैं। पूरे परिसर में कचरा फैला दिया गया है।

### शुक्रवार की सुबह गेज रिपोर्ट में 74 प्रतिशत था जलभराव

# चौबीस घंटे में 14 मिलियन घनमीटर जलभराव, खूंटाघाट 81 प्रतिशत फुल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले के सबसे बड़े बांध खारंग जलाशय खूंटाघाट में चौबीस घंटे के भीतर 14 मिलियन घनमीटर जलभराव दर्ज किया गया है। इसके साथ ही बांध में अब 81.25 प्रतिशत जलभराव हो चुका है। बांध में अब भी लगातार जलभराव हो रहा है। यही स्थिति रही तो पूरी संभावना है कि जुलाई महीने के आखिर तक बांध में शत प्रतिशत जलभराव के बाद वेस्ट वियर की स्थिति भी देखने को मिल सकती है।

- एक ही दिन में 7 प्रतिशत की बढ़ोतरी

गुरूवार की रात से हो रही लगातार बारिश के प्रभाव से जिले के सबसे बड़े बांध खारंग जलाशय के जलभराव में भी बड़ा परिवर्तन नजर आया है। चौबीस घंटों के भीतर एक बार सुबह के समय नापे जाने वाले गेज रिपोर्ट के अंतर्गत शुक्रवार की सुबह बांध का जलभराव 74 प्रतिशत था। जबकि शनिवार की गेज रिपोर्ट में जलभराव 81. 25 प्रतिशत तक हो चुका था। भराव में एक ही दिन में सात प्रतिशत की बढ़ोतरी बड़ी बढ़ोतरी है।

सिंचाई विभाग के अनुसार बांध में दो मिलियन घनमीटर पानी आने से जलभराव में एक प्रतिशत की बढ़ोतरी होती है। इसका मतलब कैचमेंट एरिया से चौबीस घंटों के भीतर बांध में 14 मिलियन घनमीटर पानी की पूर्ति हुई है, जिससे सात प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ कुल जलभराव 81 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। विभाग के अनुसार बांध के कैचमेंट एरिया में बारिश की स्थिति अगर ऐसी ही रही तो जुलाई महीने के आखिर तक ही बांध शत प्रतिशत जलभराव के बाद वेस्ट वियर की स्थिति तक पहुंच जाएगा।

### अरपा-भैंसाझार भी लबालब, खोले गए गेट

कैचमेंट एरिया में लगातार बारिश के कारण अरपा-भैंसाझार बराज में भी लगातार जलभराव होता रहा। पूर्ण भराव की स्थिति में अरपा-भैंसाझार बराज में 302 मीटर भराव होता है, जबकि आज की स्थिति में बराज में 299 मीटर जलभराव दर्ज किया जा चुका है। सिंचाई विभाग द्वारा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के उद्देश्य से बराज के गेट खोल दिए गए हैं व अरपा नदी में जल प्रवाहित किया जा रहा है।

### हो सकता है पूर्ण जलभराव

शुक्रवार की सुबह गेज रिपोर्ट के अनुसार बांध में 74 प्रतिशत जलभराव दर्ज किया गया था, जबकि शनिवार की रिपोर्ट में इसमें सात प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज कर ली गई। आज की स्थिति में 81 25 प्रतिशत जलभराव हो चुका है। बारिश की सस्थिति ऐसी ही रही तो जुलाई में ही पूर्ण जलभराव के साथ वेस्ट वियर की स्थिति भी देखने को मिल सकती है।

**-एमके चंद्रा**, ईई खारंग जल संसाधन संभाग

## एजुकेशन प्लस

### सेंट जेवियर्स हाई स्कूल, भरनी के छात्रों ने नीट में लहराया परचम







**बिलासपुर।** सेंट जेवियर्स हाई स्कूल भरनी के मेधावी छात्र प्रशांत शेंद्रे एवं सक्षम शर्मा ने नीट परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता अर्जित कर विद्यालय, नगर एवं जिले का गौरव बढ़ाया है।

उल्लेखनीय है कि प्रशांत शेंद्रे सेंट जेवियर्स छात्रावास का विद्यार्थी है तथा विद्यालय के कृष्णमूर्ति आईसीटी लैब में अध्ययनरत रहा है। दोनों विद्यार्थियों ने सत्र 2025-26 की सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने के साथ-साथ नीट परीक्षा की तैयारी कर कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं समर्पण के बल पर यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इन विद्यार्थियों की सफलता पर संस्था के प्रबंध निदेशक डॉ.जीएस पटनायक, श्रीमती लेखा एवं दिव्या पटनायक, प्राचार्य डॉ.बीबी मेहता, उपप्राचार्य दिनेश बिष्ट, नैंसी पारेख सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए दोनों छात्रों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

विद्यालय परिवार ने विश्वास व्यक्त किया कि इन विद्यार्थियों की सफलता आने वाले वर्षों में अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी तथा सेंट जेवियर्स हाई स्कूल, भरनी का नाम शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर गौरवान्वित करती रहेगी।

### चाकू लगने से गंभीर घायल किशोर को मिला नया जीवन



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान सिम्स के चिकित्सकों ने आपसी समन्वय, त्वरित निर्णय और विशेषज्ञ उपचार से चाकू लगने से गंभीर रूप से घायल 15 वर्षीय किशोर की जान बचाने में सफलता प्राप्त की है।सिरगिट्टी निवासी किशोर पर 11 जुलाई को चाकू से हमला किया गया था। गंभीर अवस्था में उसे रात लगभग 9 बजे सिम्स के आपातकालीन विभाग में भर्ती कराया गया। इसकी जानकारी डीन डॉ.रमणेश मूर्ति को प्राप्त होने पर तत्काल निर्देश पर उपचार प्रारंभ किया गया।

चिकित्सकों के अनुसार चाकू का वार पेट और छाती के महत्वपूर्ण अंगों तक पहुंच गया था। चोट इतनी गंभीर थी कि पेट की दीवार क्षतिग्रस्त होकर छोटी आंतें बाहर निकल आई थीं। दाहिनी ओर छाती में लगी गहरी चोट के कारण फेफड़ों पर दबाव बन गया था, जिससे मरीज को सांस लेने में अत्यधिक कठिनाई हो रही थी। आंतों में कई स्थानों पर छेद होने से पेरिटोनाइटिस, सेप्सिस और अत्यधिक रक्तस्राव जैसी जानलेवा जटिलताओं का खतरा उत्पन्न हो गया था। विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे मामलों में प्रत्येक मिनट मरीज के जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए सर्जरी विभाग को तत्काल सक्रिय किया गया। वरिष्ठ सर्जन डॉ. बृजेश पटेल के निर्देशन में आपातकालीन ऑपरेशन किया गया। शल्य चिकित्सा टीम में डॉ.राजेंद्र कुमार सिंह, डॉ.शुभा एक्का, डॉ.रवि राजवाड़े एवं पीजी रेजिडेंट डॉ.कुणाल शामिल रहे। ऑपरेशन थिएटर में ओटी सिस्टर अंजिता ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। ऑपरेशन के दौरान छोटी आंतों में कई स्थानों पर हुए छेदों की सफलतापूर्वक मरम्मत की गई तथा पेट की गुहा में जमा रक्त को निकालकर आंतरिक रक्तस्राव को नियंत्रित किया गया। चिकित्सकों ने बताया कि समय पर अस्पताल पहुंचने और शीघ्र शल्य चिकित्सा किए जाने के कारण मरीज की जान बचाई जा सकी। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह ने कहा कि चाकू लगने जैसे गंभीर ट्रॉमा मामलों में गोल्डन ऑवर के भीतर उपचार मिलना अत्यंत आवश्यक होता है। सिम्स के इमरजेंसी, सर्जरी एवं एनेस्थीसिया विभागों के समन्वित प्रयासों तथा आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के कारण एक और गंभीर मरीज का जीवन बचाया जा सका है। सिम्स के अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति ने इस सफलता पर पूरी चिकित्सा टीम की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि संस्थान की आधुनिक चिकित्सा अधोसंरचना, विशेषज्ञ चिकित्सकों की दक्षता, अनुशासित कार्यप्रणाली एवं टीम भावना का उत्कृष्ट उदाहरण है।

### ओयू की प्री-बीएड, डीएलएड की परीक्षा आज 54 हजार से अधिक परीक्षार्थी होंगे शामिल

**बिलासपुर।** पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित प्री-बीएड, डीएलएड की प्रवेश परीक्षा रविवार को होने जा रही है, जिसमें 54 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। बीएड की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक और डीएलएड की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक होगी।

पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में संचालित बीएड-डीएलएड दोनों पाठयक्रमों को मिलाकर 54 हजार 498 आवेदन आए हैं। ओपन यूनिवर्सिटी में दूरवर्ती पाठ्यक्रमों के प्रवेश सत्र 2026-27 में बीएड, डीएलएड में ज्यादा मारामारी है। सीमित सीटों के मुकाबले बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त होने से दोनों पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा है। यूनिवर्सिटी को बीएड पाठ्यक्रम की 500 सीटों के लिए 19 हजार 762 तथा डीएलएड की 2400 सीटों के लिए 34 हजार 736 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस प्रकार दोनों पाठ्यक्रमों के लिए कुल 54 हजार 498 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। आवेदन संख्या यह दर्शाती है कि शिक्षक बनने शिक्षा के क्षेत्र में युवाओं का रुझान लगातार बढ़ रहा है और गुणवत्तापूर्ण शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त करने के प्रति अभ्यर्थियों में विशेष उत्साह है। पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन अनुसार प्रशिक्षित शिक्षकों की बढ़ती आवश्यकता, शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के अवसर तथा अध्यापन को सम्मानजनक और स्थाई करियर के रूप में अपनाने की बढ़ती इच्छा के कारण बीएड एवं डीएलएड पाठ्यक्रमों के प्रति आकर्षण निरंतर बढ़ रहा है। अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होने के कारण यूनिवर्सिटी द्वारा प्री-बीएड, प्री-डीएलएड प्रवेश परीक्षा-2026 का आयोजन रविवार को दो पालियों में किया जा रहा है। प्रथम पाली में प्री-बीएड परीक्षा प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक तथा द्वितीय पाली में प्री-डीएलएड परीक्षा दोपहर 2 बजे से 4.15 बजे तक आयोजित होगी।

### दुकान से 2.50 लाख रुपए चोरी कर खरीदी पुरानी कार, युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** किराना दुकान से 2.50 लाख रुपए नकद सहित अन्य सामान चोरी करने के बाद पुरानी कार खरीददार फर्राटे मारने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, चिंगराजपारा प्रभात चौक निवासी आशीष साहू पिता स्व. परमेश्वर साहू किराना दुकान चलाते हैं। 15 जुलाई की रात 10 बजे दुकान बंद करने के बाद घर आ गए थे। 16 जुलाई की सुबह 9 बजे वे दुकान जाकर देखे तो पीछे का दरवाजा का कुंदा टूटा हुआ था और 2 लाख 50 हजार रुपए नकद, चांदी की मूर्ति, स्मार्ट घड़ी, एयर फोन, चांदी का सिक्का सहित अन्य सामान चोरी हो गई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला तो धुंधला आ रहा था। आसपास क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर संदेही युवक की पहचान हुई। श्री आर्या एएसआई भरतलाल राठौर, संजीव जांगड़े, विवेक राय, अफाक खान ने पतासाजी कर अशोकनगर बिजली आफिस अटल आवास निवासी शुभम यादव पिता स्व. गणेश यादव 24 साल को पुरानी कार में घूमते हुए पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने किराना दुकान में चोरी करना स्वीकार कर लिया। उसने रात में चोरी करने के बाद दूसरे दिन सुबह 2.50 लाख रुपए पुरानी कार खरीदना बताया। पुलिस ने कार मालिक से पूछताछ की तो पता चला उसने कार खरीदने के लिए पैसा दिया है, नाम ट्रांसफर नहीं हुआ है। उसने अपनी कार लेकर 2.50 लाख रुपए लौटा दिया। पुलिस ने उसके कब्जे से 2.50 लाख रुपए नकद, चांदी के सिक्का सहित 3 लाख का माल बरामद किया है। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### नई दिल्ली में द टाइम्स इंटरनेट इकोप्रेन्योर्स अवॉड्र्स में मिला राष्ट्रीय सम्मान

# एसईसीएल को मिला ग्रीन ट्रांज़िशन लीडरशिप अवॉर्ड

**बिलासपुर।** साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एसईसीएल को सतत एवं हरित खनन के क्षेत्र में उल्लेखनीय पहल तथा पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के लिए द टाइम्स इंटरनेट इकोप्रेन्योर्स अवॉड्र्स में प्रतिष्ठित ग्रीन ट्रांज़िशन लीडरशिप अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान शुक्रवार 17 जुलाई को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने प्राप्त किया।

यह सम्मान पर्यावरण संरक्षण, सतत खनन, हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने, वैज्ञानिक खान बंदी, भूमि पुनर्वास तथा पर्यावरण-अनुकूल तकनीकों के प्रभावी क्रियान्वयन के क्षेत्र में एसईसीएल द्वारा किए जा रहे निरंतर प्रयासों की राष्ट्रीय स्तर पर मिली महत्वपूर्ण मान्यता है। इसी क्रम में एसईसीएल ने परिचालन प्रदर्शन के क्षेत्र में भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में 50 मिलियन टन कोयला उत्पादन का आंकड़ा पार कर लिया है।




इसके साथ ही एसईसीएल, चालू वित्तीय वर्ष में ऐसा करने वाली कोल इंडिया लिमिटेड की पहली अनुषंगी कंपनी बन गई है। कंपनी ने पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 9.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। इस उपलब्धि में कोरबा स्थित एसईसीएल की मेगा परियोजनाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। दीपका परियोजना ने 11.8 मिलियन टन, गेवरा परियोजना ने 11.7 मिलियन टन तथा कुसमुंडा परियोजना ने 9.7 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया। इसके अतिरिक्त सीआईसी कोलफील्ड्स ने 8.8 मिलियन टन, रायगढ़ क्षेत्र ने 5.9 मिलियन टन तथा कोरबा क्षेत्र ने 2.1 मिलियन टन उत्पादन कर कंपनी के समग्र प्रदर्शन में उल्लेखनीय योगदान दिया। इस अवसर पर एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहान ने कहा कि ग्रीन ट्रांज़िशन लीडरशिप अवॉर्ड एसईसीएल की सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता का सम्मान है। पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा सुरक्षा दोनों हमारे विकास के समान रूप से महत्वपूर्ण आयाम हैं। एसईसीएल आधुनिक तकनीकों, उच्च परिचालन दक्षता तथा सतत विकास के सिद्धांतों के अनुरूप कार्य करते हुए देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं उत्तरदायी खनन के क्षेत्र में भी नए मानक स्थापित कर रही है।

### नीट परीक्षा में आर्या ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**बिलासपुर।** मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट का परिणाम घोषित हो चुका है, जिसमें बिलासपुर की छात्रा आर्या दीक्षित ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एआईआर रैंक 1135 ऑल इंडिया रैंक हासिल किया है।

आर्या ने बताया कि वे प्रतिदिन 8 घंटे नियमित पढ़ाई कर कठिन विषयों पर विशेष ध्यान देती थी। उनकी इस सफलता पर तमाम शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है। भविष्य में एक कुशल न्यूरोलॉजिस्ट बनकर समाज की सेवा करना आर्या का लक्ष्य है। पढ़ाई में शुरू से ही मेघावी रही छात्रा आर्या ने अभी हाल ही में सीबीएससी बोर्ड द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा में 96 प्रतिशत अंकों के साथ बारहवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है। आर्या दीक्षित मिनोचा कॉलोनी निवासी शिक्षक ब्रजेश दीक्षित एवं शिक्षिका श्रीमती श्वेता दीक्षित की पुत्री है। उनके इस सफलता में बड़े पिता सेजेस सरगांव में पदस्थ व्याख्याता नरेन्द्र दीक्षित, श्रीमती प्रीति दीक्षित एवं शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज भिलाई में अध्ययनरत डॉ.राघव दीक्षित का विशेष मार्गदर्शन है। जिला अध्यक्ष सुनील कुमार पाण्डेय सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने भी आर्या को शुभकामनाएं दी है।


जीवेत शरदः शतम्
लोकप्रिय, यशस्वी युवा जुझारू नेता
मान. श्री रोहित शुक्ला
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई
एवं असीम शुभकामनाएं...
मान. श्री रोहित शुक्ला
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद मुंगेली
असद खोखर
युवा नेता
देवेन्द्र वैष्णव
पूर्व जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व मण्डी सदस्य
संकलनकर्ता:- जयकुमार ताम्रकार, जिला प्रतिनिधि जिला कार्यालय हरिभूमि मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

खबर संक्षेप

## कार घर में घुसाकर हत्या का प्रयास, ड्राइवर गिरफ्तार

**बिलासपुर।** बीती रात तेज रफ्तार में कार घर के अंदर घुसाकर हत्या करने का प्रयास करने वाले ड्राइवर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तारबाहर टीआई रविन्द्र अनंत ने बताया, 17 जुलाई 2026 को शाम 8 बजे मैग्नेटो मॉल एसबीआई कालोनी निवासी संजय अग्रवाल अपने मकान के बरामदे में टहल रहे थे। इसी दौरान कार क्रमांक एमपी 04 सीएक्स, 6273 के चालक ने उनके मकान में कार घुसा दी। किसी तरह श्री अग्रवाल ने भागकर जान बचाई। पुलिस ने श्री अग्रवाल की रिपोर्ट पर बीएनएस हत्या के प्रयास की धारा 109, 1 के तहत चालक मूलत : बद्रीपुर रोड, नेहरूग्राम आंशिक धर्मपुर देहरादून उत्तराखंड हालमुकाम व्यापार विहार निवासी आशीष तिवारी पिता घनश्याम तिवारी 45 साल को गिरफ्तार कर कार जब्त कर लिया है।




# सर्पदंश से मौत की फर्जी रिपोर्ट बनाई महिला डॉक्टर गिरफ्तार, गई जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तोरवा थाना के दो फर्जी सर्पदंश के मामले में पुलिस ने फर्जी पोस्टमार्टम रिपोर्ट बनाने वाले सिम्स में पदस्थ रहीं महिला डाक्टर प्रियंका सोनी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। पूर्व में दोनों मामले में वकील सहित तीन लोगों को जेल भेजा गया था।



तोरवा पुलिस के अनुसार, तहसील कार्यालय के नायब नाजीर की रिपोर्ट पर तोरवा थाना में फर्जी सर्पदंश से महमंद निवासी निसार खान व लता सूर्यवंशी की मौत के मामले में पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुटी हुई थी। जांच में खुलासा हुआ दोनों मामले में पूर्व में सिम्स में पदस्थ नागपुर निवासी डा. प्रियंका सोनी पति निहित सविता मोहन 37 साल के द्वारा पोस्टमार्टम किया गया था और सर्पदंश से मौत होने की फर्जी पोस्टमार्टम रिपोर्ट बनाई गई थी। 18 जुलाई 2026 को एएसआई देवेन्द्र तिवारी ने दोनों मामले में फरार डा. प्रियंका सोनी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। ज्ञात हो कि पूर्व में उक्त दोनों मामले में मृतक निसार खान की पत्नी सफीना बानो व मृतक लता सूर्यवंशी के पति संतोष सूर्यवंशी वकील रंजित कुमार चतुर्वेदी अटल आवास सैदा निवासी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। उक्त दोनों मामले में फर्जी प्रकरण बनाने वाले मुख्य आरोपी वकील पेण्डारी निवासी श्रवण वस्त्रकार पुलिस पकड़ से बाहर है। बताया जा रहा है कि वकील श्रवण वस्त्रकार लंबे समय से गंभीर बीमारी से ग्रस्ति है और उसका इलाज चल रहा है।


मौत की वजह सर्पदंश बताकर लाखों लिए सरकार से
वकील और तहसीलदार का ड्राइवर बैंककर्मी सहित 4 आरोपी गए जेल
ऐसे होता था फर्जीवाड़ा

### सिविल लाइन थाने में भी मामला दर्ज

सिविल लाइन थाना के मृतक तालापारा निवासी पवन यादव के मामले में डा. प्रियंका सोनी के खिलाफ मामला दर्ज है। उक्त मामले में उसके द्वारा ही फर्जी सर्पदंश से मृत्यु होने की पोस्टमार्टम रिपोर्ट बनाई गई थी, जबकि मृतक की हार्ट अटैक से मृत्यु हुई थी। उक्त प्रकरण में मृतक की पत्नी शिवकुमार यादव, उसकी बहन गवाह दानमी यादव की गिरफ्तारी हो चुकी है। सिविल लाइन पुलिस पुलिस रिमांड लेकर उसकी जेल से गिरफ्तारी करेगी।

### दो दिन पहले जेल गए थे चार आरोपी

16 जुलाई को सरकण्डा थाने में दर्ज फर्जी सर्पदंश के 5 मामले में पुलिस ने आरोपी वकील हीराप्रसाद खाण्डेकर मंगला आकाश विहार, कुशकुमार गुप्ता राजकिशोरनगर बैंककर्मी, महेन्द्र कुमार अशोकनगर तथाकथित वकील, गोविंद विश्वकर्मा दैनिक वेतन भोगी तहसीदार का ड्राइवर को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

### एक साल पहले भी गई थीं जेल

वर्ष 2025 में बिल्हा थाने में एक ग्रामीण की जहर खाने से मौत के मामले में पहला सर्पदंश की फर्जी पोस्टमार्टम रिपोर्ट बनाने का खुलासा हुआ था। जांच में खुलासा हुआ सिम्स के डा. प्रियंका सोनी के द्वारा फर्जी पोस्टमार्टम रिपोर्ट बनाई गई थी। पुलिस ने मामले में अपराध कायम कर डा. प्रियंका सोनी, परिजन व वकील को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

### सिम्स के और भी डॉक्टर रडार पर

फर्जी सर्पदंश से मौत के मामले में जिले 15 प्रकरण दर्ज हैं। सभी प्रकरणों की जोरों से समीक्षा कर साक्ष्य एकत्रित कर गिरफ्तारी की जा रही है। उक्त सभी प्रकरणों में सिम्स पदस्थ रहे 4 से 5 डाक्टर फर्जी पोस्टमार्टम रिपोर्ट बनाने पर रडार में है। कुछ डाक्टरों को तलब कर पूछताछ की गई है। शीघ्र ही अन्य डाक्टरों की गिरफ्तारी होने की संभावना जताई जा रही है।

# सुपारी लेकर कांग्रेस नेता पर किया गया था हमला

**हमलावरों को 5-5 लाख की दी गई थी सुपारी, दो गिरफ्तार**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कांग्रेस नेता पर जानलेवा हमला के मामले में नया मोड़ आ गया है। 5 - 5 लाख की सुपारी लेकर हत्या करने के लिए जानलेवा हमला किया गया था। पुलिस ने नाबालिग सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।


गिरफ्तार आरोपी।

4 जुलाई 2026 को तेलीपारा निवासी कांग्रेस नेता श्याम कश्यप मार्निंगवाक पर रेलवे क्षेत्र की ओर गए थे। रेलवे हास्पिटल के पास अज्ञात लोगों के द्वारा उन पर जानलेवा हमला कर दिया था। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई थी। समाज के लोगों ने एसएसपी रजनेश सिंह को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की थी। एसएसपी श्री सिंह के निर्देश पर तारबाहर सीसीटीवी फुटेज खंगालने में लगी हुई थी। काफी मशक्कत के बाद पुलिस सीसीटीवी फुटेज से बाइक की पहचान कर पाई। उसके आधार पर पुलिस ने जीपीएम गौरेला पतेराटोला निवासी नितिन टेकाम पिता लच्छू टेकाम 21 साल व एक नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, पेण्ड्रा निवासी दीपक तिवारी ने उन्हें श्याम कश्यप की हत्या करने के लिए 5 - 5 लाख रुपए की सुपारी दी थी। सुपारी देने वाला दीपक तिवारी व एक अन्य आरोपी साहिल सोनकर फरार हैं। बताया जा रहा है दीपक तिवारी को श्याम कश्यप की हत्या कराने के लिए किसी और ने सुपारी दी थी। दीपक तिवारी के पकड़े जाने के बाद सुपारी देने वाले मुख्य आरोपी का नाम सामने आ पाएगा।

*बिलासपुर। भारी बारिश की गंभीर चेतावनी के कारण श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए, इस्कॉन बिलासपुर द्वारा आयोजित होने वाली आगामी श्री जगन्नाथ रथ यात्रा को स्थगित किया गया है।







# मंत्रालय के अफसर के घर 25 लाख की चोरी करने वाला भांजा निकला

**बिलासपुर।** मंत्रालय के अफसर के सूने मकान से 20 से 25 लाख की चोरी के मामले में पुलिस ने कड़ी मेहनत कर चोरी करने वाले युवक को पकड़कर चोरी के सारे जेवर बरामद कर लिया, परन्तु चोरी करने वाला अफसर का सगा भांजा निकल गया, इसलिए अफसर ने एफआईआर नहीं लिखाने का शपथपत्र दे दिया। पुलिस ने जेवर लौटाकर युवक को छोड़ दिया है।

■ नहीं लिखाई रिपोर्ट

18 जुलाई को कोटा पुलिस को सूचना मिली कि शहर की कालोनी में रहने वाले मंत्रालय के अफसर के सूने मकान से 20 से 25 लाख रुपए के सोने चांदी के जेवर व नकद रकम की चोरी हो गई है। पुलिस के उच्च अधिकारी अमले के साथ उनके घर पहुंच गए। घर का मुआयना कर सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया। काफी प्रयास के बाद पुलिस ने एक संदेही युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर उसने चोरी करना स्वीकार कर लिया। उसके घर के सामने रेत के ढेर से जेवर बरामद कर थाने लाया गया। यह सब होने के बाद पता चला कि चोरी करने वाला युवक अफसर का भांजा है, उक्त अफसर ने थाने में शपथपत्र दे दिया कि उन्हें चोरी की रिपोर्ट नहीं लिखानी है। उसके बाद पुलिस ने उन्हें जेवर लौटाकर संदेही युवक को छोड़ दिया है।

## 7 लाख की ठगी, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया, टिकरापारा निवासी देवेन्द्र ठक्कर 54 साल ने रिपोर्ट लिखाई। 1 अगस्त 2024 को उनके बेटे तन्मय ठक्कर से सिम्स हास्पिटल में राहुल मिश्रा उसकी पत्नी पद्मा जनार्दन मिले। उसने श्री ठक्कर को मल्टी स्पेसलिटी हास्पिटल में केंटीन का ठेका दिलाने का झांसा देकर 6 लाख, 82 हजार 99 रुपए लिया। किन्तु अब तक उन्हें न तो केंटीन का ठेला मिला और ना ही उनके बेटे की नौकरी लगी है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर पति पत्नी के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।







